*प्रेस विज्ञप्ति*

# गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
# पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

## विश्वविद्यालय में शिक्षक दिवस समारोह का आयोजन

पंतनगर। 9 सितम्बर 2025। विश्वविद्यालय के स्नातकोत्तर महाविद्यालय एवं पी.जी. सोसाइटी के सौजन्य से प्रतिवर्ष शिक्षक दिवस समारोह का आयोजन किया जाता रहा है इस वर्ष भी शिक्षक दिवस समारोह प्रौद्योगिक महाविद्यालय के सभागार में आयोजित किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप विश्वविद्यालय के कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान तथा विशिष्ट अतिथि डा. ए.के. शुक्ला एवं डा. जी.के. गर्ग इस कार्यक्रम में उपस्थित थे। कुलपति द्वारा इस आयोजन में विश्वविद्यालय से वर्ष 2025–2026 में सेवानिवृत्त होने वाले 15 शिक्षकों को सम्मानित कर शिक्षकों के प्रति अपना आभार एवं उदार प्रेम व्यक्त किया। उन्होंने शिक्षकों के महत्व को प्रर्दशित करते हुये कहा कि शिक्षक किसी भी संस्थान के विकास की रीढ़ होते हैं वे न केवल ज्ञान देते है बल्कि छात्रों के भविष्य को आकार, नई सोच, विचाारों को समाज एवं दुनिया के सामने रखने का एवं उनके मार्गदर्शन छात्रों को अपने जीवन में आगे बढ़ने का सबल प्रदान करते हैं।

डा. जी.के. गर्ग ने शिक्षकों को अपने कार्य के प्रति सर्मपित रहने पर बल दिया तथा विद्यार्थियों के साथ लगातार सर्म्पक में रहकर उनके शैक्षणिक/शोध कार्य को बढ़ाने की दिशा के प्रति प्रयासरत रहने का सुझााव दिया गया। डा. ए. के. शुक्ला जो विश्वविद्यालय प्राध्यापक होने के साथ कुलपति के पद पर भी असीन रहे हैं ने अपने जीवन से जुड़ी घ टनाओं को सभागार में उपस्थित शिक्षकों के समक्ष रखा ताकि सभी को उनके जीवन से प्रेरणा मिले और सभी शिक्षक/छात्र अपने को कार्यों के प्रति हमेशा प्रयासरत रहें। यह कार्यक्रम अधिष्ठाता, स्नातकोत्तर महाविद्यालय डा. लोकेश वार्ष्णेय के मार्गदशन में आयोजित किया गया इस अवसर पर डा. धीरज कुमार, डा. रविन्द्र कुमार, डा. जी.एस. कुशवाहा व डा. अनीता रानी तथा पी.जी.छात्रों द्वारा अपना सहयोग प्रदान किया गया।